रेलवे भर्ती बोर्ड

सी.ई.एन 01/2024 सहायक लोको पायलट (एएलपी)

रेलवे भर्ती बोर्ड ने भारतीय रेलवे में सहायक लोको पायलट (ए.एल.पी) पदों की भर्ती के लिए 5696 रिक्तियों का प्रकाशन सी.ई.एन 01/2024 के माध्यम से किया है। क्षेत्रीय रेलों से प्राप्त अतिरिक्त मांग की समीक्षा की गई, जिसके उपरांत सहायक लोको पायलट (ए.एल.पी) की रिक्तियों को बढ़ाकर 18799 कर दिया गया है।

रेलवे भर्ती बोर्ड के अनुसार समुदायवार रिक्तियों का विवरण संबंधित आवश्यक नोटिस वेबसाइट के माध्यम से बाद में प्रकाशित किया जाएगा। विवरण प्रकाशित होने के बाद मौजूदा उम्मीदवारों को अपनी पसंद के अनुसार रेलवे भर्ती बोर्ड के अपने विकल्प को संशोधित करने का अवसर भी दिया जाएगा। उम्मीदवार इस संबंध में आवश्यक सूचनाओं के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट को नियमित तौर पर देखें।

अध्यक्ष
रेलवे भर्त्ती बोर्ड

दिनांक : 19.06.2024